22/07/26

## सूचना / कार्यसूची

### अकादमिक परिषद की चतुर्थ बैठक की कार्यसूची

चमनलाल महाविद्यालय (स्वायत्त) लंढौरा, हरिद्वार की अकादमिक परिषद की चतुर्थ बैठक दिनांक 28/07/26 को अपराह्न 03:00 बजे महाविद्यालय परिसर में निर्धारित की गयी है।

बैठक हेतु कार्यसूची निम्नानुसार है –

1) पूर्व बैठक की कार्यवृत्त (minutes) की पुष्टि तथा कार्यान्वयन आख्या पर विचार एवं अनुमोदन।

2) सत्र 2025-26 हेतु बोर्ड ऑफ स्टडीज (BOS) द्वारा अनुमोदित पाठ्यक्रम एवं परीक्षा प्रणाली पर विचार एवं निर्णय।

3) सत्र 2024-25 के परीक्षा फॉर्मों (Examination Forms) एवं उत्तर पुस्तिकाओं के नियमानुसार निस्तारण (नष्ट किये जाने) पर विचार एवं निर्णय।

4) सत्र 2026-27 में आयोजित होने वाली मुख्य परीक्षाओं के लिये बाह्य उड़नदस्ता (External Flying Squad) की नियुक्ति हेतु अनुमति प्रदान करने पर विचार एवं निर्णय।

5) बी. एस सी. (होम साइंस) तथा बी. लिब. के परीक्षा शुल्क (Examination form fee) को अन्य उपाधियों के समान करने पर विचार एवं निर्णय।

6) परीक्षा के दौरान यदि कोई प्रश्नपत्र निर्धारित पाठ्यक्रम (out of syllabus) से बाहर पाया जाता है, तो ऐसी स्थिति में संबंधित विषय के महाविद्यालयीय प्राध्यापक से तत्काल प्रश्नपत्र तैयार कराकर परीक्षा सम्पन्न कराने की अनुमति प्रदान किये जाने पर विचार एवं निर्णय।

7) महाविद्यालय के नियमित शिक्षकों को पेपर सैटर एवं मूल्यांकनकर्ता के तौर पर अनुमति प्रदान किये जाने पर विचार एवं निर्णय।

8) अन्य विषय अकादमिक परिषद के अध्यक्ष की अनुमति से।

सूचनार्थ विषय :-

1) वित्त समिति की चतुर्थ बैठक कार्यवृत्त एवं निर्णय
2) डॉ. नवीन कुमार, सहायक प्रोफेसर, को स्वायत्त महाविद्यालय का नोडल अधिकारी नियुक्त किये जाने संबंधी सूचना।

1) प्राचार्य (अध्यक्ष) - डॉ. सुशील उपाध्याय
2) अंग्रेजी (विभाग प्रभारी) Dr. Deepa Agarwal
3) वाणिज्य (विभाग प्रभारी) डॉ किरन शर्मा
4) राजनीति विज्ञान (विभाग प्रभारी) डॉ. नीशू कुमार
5) इतिहास (विभाग प्रभारी) डॉ. सूर्यकान्त शर्मा
6) भूगोल (विभाग प्रभारी) डॉ. नवीन कुमार
7) अर्थशास्त्र (विभाग प्रभारी) डॉ विमलकान्त तिवारी
8) रसायन विज्ञान (विभाग प्रभारी)
9) हिन्दी (विभाग प्रभारी) डॉ० मीरा चौरसिया
10) वनस्पति विज्ञान (विभाग प्रभारी) 25/7/2026
11) संस्कृत (विभाग प्रभारी)
12) माइक्रोबायोलॉजी (विभाग प्रभारी)
13) पुस्तकालय विज्ञान (विभाग प्रभारी) 25-07-2026
14) जन्तु विज्ञान (विभाग प्रभारी)
15) गृह विज्ञान (बी.ए.) विभाग प्रभारी
16) गृह विज्ञान (बी० एससी) विभाग प्रभारी डॉ अनामिका चौहान
17) गणित (विभाग प्रभारी)
18) भौतिक विज्ञान (विभाग प्रभारी)
19) समाजशास्त्र (विभाग प्रभारी) नवीन कुमार
20) चित्रकला (विभाग प्रभारी) डा० आंचल शर्मा
21) कृषि विज्ञान (विभाग प्रभारी) डा० मुकेश कुमार
22) विशेषज्ञ - श्री सतीश शर्मा जी
23) विशेषज्ञ - प्रो. विजय सिंह रावत जी
24) विशेषज्ञ - प्रो. मंजुल धीमान जी
25) विशेषज्ञ - श्री मनोज अग्रवाल
26) विश्वविद्यालय नामित - प्रो. महावीर सिंह रावत जी
27) विश्वविद्यालय नामित - प्रो. दिनेश चंद्र गोस्वामी जी 28.7.26
28) विश्वविद्यालय नामित - प्रो. जी. के. ढींगरा जी
29) परीक्षा प्रभारी - डॉ. सूर्यकान्त शर्मा
30) सदस्य सचिव - डॉ. गरिमा चौहान

अकादमिक परिषद की चतुर्थ बैठक का कार्यवृत्त

चमनलाल स्वायत्त महाविद्यालय, लंढौरा (हरिद्वार) की अकादमिक परिषद की चतुर्थ बैठक दिनांक- 28/07/26 को ~~प्रातः~~ 03:00 बजे महाविद्यालय परिसर में प्राचार्य डॉ० सुशील उपाध्याय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक की कार्यवाही निम्नानुसार है—

एजेंडा बिन्दु- 1

पूर्व बैठक दिनांक- 25/11/2025 के कार्यवृत्त की पुष्टि एवं अनुपालन आख्या पर विचार।

विनिश्चय :- पूर्व बैठक दिनांक- 25/11/2025 के कार्यवृत्त का अवलोकन किया गया तथा प्रस्तुत अनुपालन आख्या पर संतोष व्यक्त करते हुए उसे सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।

एजेंडा बिन्दु- 2

बोर्ड ऑफ स्टडीज (BOS) द्वारा अनुमोदित पाठ्यक्रम, लघु शोध प्रणाली एवं परीक्षा अंक वितरण पर विचार-विमर्श।

विनिश्चय :-

अकादमिक परिषद द्वारा बोर्ड ऑफ स्टडीज (BOS) से अनुमोदित पाठ्यक्रम ~~वि~~ का विस्तृत परीक्षण एवं विचार-विमर्श किया गया। विचारोपरांत परिषद ने पाठ्यक्रम, लघु शोध प्रणाली (Minor Research/Desertation) तथा परीक्षा अंक वितरण व्यवस्था को यथावत स्वीकार एवं अनुमोदित किया।

साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि समस्त विषयों में मूल्यांकन हेतु 75 प्रतिशत अंकों की बाह्य (External) परीक्षा तथा 25 प्रतिशत अंकों का आंतरिक (Internal) मूल्यांकन

व्यवस्था लागू होगी, आवश्यकता पड़ने पर पाठ्यक्रम, लघु शोध प्रणाली एवं परीक्षा पद्धति से संबंधित विषयों पर पुनः विचार-विमर्श कर अकादमिक परिषद द्वारा उपयुक्त निर्णय लिए जा सकेंगे।
उक्त प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित एवं अनुमोदित किया गया।

एजेंडा बिन्दु-3-
सत्र 2024-25 के परीक्षा प्रपत्रों एवं उत्तर पुस्तिकाओं के संरक्षण एवं निस्तारण संबंधी विषय।

विनिश्चय :-
निर्णय लिया गया कि परीक्षा से संबंधित अभिलेख, उत्तर पुस्तिकाएँ एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज नियमानुसार न्यूनतम तीन वर्ष तक सुरक्षित रखे जाएंगे तथा उनका निस्तारण विश्वविद्यालय के नियमों के अनुरूप किया जाएगा।

एजेंडा बिन्दु-4
मुख्य परीक्षाओं हेतु बाह्य उड़नदस्ता (External Flying Squad) की नियुक्ति पर विचार।

विनिश्चय :
~~सत्र~~ सत्र 2026-27 में आयोजित होने वाली मुख्य परीक्षाओं के लिए आवश्यकतानुसार बाह्य उड़नदस्ता नियुक्त किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। उक्त हेतु प्राचार्य को अधिकृत किया गया।

एजेंडा बिन्दु-5
बी० एससी० (होम साइंस) एवं बी० लिब० के परीक्षा आवेदन पत्र (Examination form) शुल्क पर विचार-विमर्श।

विनिश्चय :-

अकादमिक परिषद द्वारा बी॰एससी॰ (होम साइंस) एवं बी॰लिब॰ पाठ्यक्रमों के परीक्षा आवेदन पत्र (Examination form) शुल्क के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। विचारोपरांत यह निर्णय लिया गया कि इन पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों से परीक्षा आवेदन पत्र शुल्क महाविद्यालय में संचालित अन्य अनुदानित पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों के समान ही लिया जाएगा। अतः बी॰एससी॰ (होम साइंस) एवं बी॰लिब॰ के परीक्षा आवेदन पत्र शुल्क को अन्य पाठ्यक्रमों के लिए निर्धारित शुल्क के समकक्ष रखने का निर्णय सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।

एजेंडा- 6

परीक्षा में पाठ्यक्रम से बाहर (out of syllabus) प्रश्न पाए जाने की स्थिति में कार्यवाही पर विचार-विमर्श।

विनिश्चय :-

यदि किसी प्रश्नपत्र में 50 प्रतिशत से अधिक प्रश्न निर्धारित पाठ्यक्रम से बाहर पाए जाते हैं, तो संबंधित परीक्षा स्थगित (Postpone) की जाएगी तथा नया प्रश्नपत्र तैयार कर परीक्षा पुनः आयोजित की जाएगी।

यदि पाठ्यक्रम से बाहर प्रश्नों का प्रतिशत 50 प्रतिशत से कम पाया जाता है, तो ऐसे प्रश्नों के स्थान पर वैकल्पिक प्रश्न प्रदान किये जाएंगे अथवा मूल्यांकन के समय अभ्यर्थियों के हित में समुचित मॉडरेशन किया जाएगा।

इस प्रकार के प्रकरणों की समीक्षा हेतु संबंधित विषय के शिक्षक एवं परीक्षा नियंत्रक की संस्तुति पर प्राचार्य द्वारा तत्समय निर्णय लिया जाएगा।

एजेंडा - 7

महाविद्यालय के नियमित शिक्षकों को प्रश्नपत्र-सेटर एवं मूल्यांकनकर्ता के रूप में अनुमोदन विषय पर विचार एवं निर्णय।

विनिश्चय !

आवश्यकतानुसार महाविद्यालय के अधिकतम 30% नियमित शिक्षकों को प्राचार्य के अनुमोदन उपरान्त बाह्य परीक्षाओं हेतु प्रश्नपत्र-निर्माता (Paper setter) तथा मूल्यांकनकर्ता (Evaluator) के रूप में नियुक्त किया जायेगा, किन्तु जिन शिक्षकों द्वारा प्रश्न-पत्र निर्माण का कार्य किया जायेगा उन्हें उस प्रश्नपत्र में मूल्यांकन का दायित्व नहीं दिया जायेगा, की स्वीकृति प्रदान की गई।

एजेंडा- 8

(क) अकादमिक परिषद द्वारा विद्यार्थियों को परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपरांत स्क्रूटनी (Scrutiny) की सुविधा प्रदान किए जाने पर विचार विमर्श एवं निर्णय।

विनिश्चय !

अकादमिक परिषद द्वारा विद्यार्थियों को परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपरांत स्क्रूटनी (Scrutiny) की सुविधा प्रदान किए जाने पर विचार-विमर्श किया गया। विचारोपरांत यह निर्णय लिया गया कि इच्छुक विद्यार्थी निर्धारित अवधि के भीतर स्क्रूटनी हेतु आवेदन कर सकेंगे। स्क्रूटनी के अन्तर्गत अंकों के योग, प्रविष्टि तथा मूल्यांकन से संबंधित तकनीकी त्रुटियों की जांच की जाएगी।

स्क्रूटनी हेतु रू० 200/- प्रति प्रश्नपत्र शुल्क को अनुमोदित किया गया। स्क्रूटनी प्रक्रिया निर्धारित नियमों के अनुसार संपादित की जाएगी।

उक्त प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित एवं अनुमोदित किया गया।

(ख) नवीन पाठ्यक्रम में महाविद्यालय कोड का समावेशन।

विनिश्चय !

सभी विभागों द्वारा तैयार किए जाने वाले नवीन पाठ्यक्रमों एवं प्रश्नपत्रों के कोड का अनिवार्य रूप से उल्लेख किया जाएगा।

(ग) शोध प्रबंध (Dissertation)

विनिश्चय :

लघु शोध (Dissertation) को द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर में संचालित किए जाने के प्रस्ताव पर विचार किया गया। लघु शोध के विषय का निर्धारण प्रथम और तृतीय सेमेस्टर में ही किया जाये, जिससे छात्रों को अपने विषय पर कार्य करने का समुचित अवसर मिल सके।

उक्त प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित एवं अनुमोदित किया गया।

बैठक के अन्त में सदस्य सचिव डॉ० ऋतु चौहान द्वारा सम्मानित सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

1- प्राचार्य (अध्यक्ष) - डॉ० सुशील उपाध्याय
2- अंग्रेजी (विभाग प्रभारी) - डॉ० दीपा अग्रवाल
3- वाणिज्य (विभाग प्रभारी) - डॉ० किरन शर्मा
4- राजनीति विज्ञान (विभाग प्रभारी) - डॉ० नीशू कुमार 13/08/2026
5- इतिहास (विभाग प्रभारी) - डॉ० सूर्यकान्त शर्मा
6- भूगोल (विभाग प्रभारी) - डॉ० नवीन त्यागी
7- अर्थशास्त्र (विभाग प्रभारी) - डॉ० विमलकान्त तिवारी
8- रसायन विज्ञान (विभाग प्रभारी) - डॉ० संजीव कुमार
9- हिन्दी (विभाग प्रभारी) - डॉ० मीरा चौरसिया
10- वनस्पति विज्ञान (विभाग प्रभारी) - डॉ० मो० इरफान
11- संस्कृत (विभाग प्रभारी - डॉ० सुनीता रानी
12- माइक्रोबायलॉजी (विभाग प्रभारी) - डॉ० प्रभात कुमार सिंह
13- पुस्तकालय विभाग (विभाग प्रभारी) - डॉ० कुलदीप कुमार 13-08-2026
14- जन्तु विज्ञान (विभाग प्रभारी) - डॉ० विधि त्यागी
15- गृह विज्ञान (विभाग प्रभारी) - डॉ० नीतू गुप्ता
16- गृह विज्ञान (बी० एस० सी०) विभाग प्रभारी - डॉ० अनामिका चौहान
17- गणित (विभाग प्रभारी) - श्री विनीत कुमार
18- भौतिक विज्ञान (विभाग प्रभारी) - श्री विपुल कुमार
19- समाजशास्त्र (विभाग प्रभारी) - श्री नवीन कुमार
20- चित्रकला (विभाग प्रभारी) - डॉ० अंचल शर्मा
21- कृषि विज्ञान (विभाग प्रभारी) - डॉ० मुकेश कुमार
22- विशेषज्ञ (सी०ए०) - श्री सतीश शर्मा
23- विशेषज्ञ - प्रो० विजय सिंह रावत
24- विशेषज्ञ - प्रो० मंजुल धीमान
25- विशेषज्ञ - श्री मनोज कुमार
26- विश्वविद्यालय नामित - प्रो० महावीर सिंह रावत
27- विश्वविद्यालय नामित - प्रो० दिनेश चन्द्र गोस्वामी
28- विश्वविद्यालय नामित - प्रो० जी० के० ढींगरा
29- स्वायत्त महाविद्यालय के परीक्षा प्रभारी - डॉ० सूर्यकान्त शर्मा
30- सदस्य सचिव - डॉ० तृप्ता चौहान